भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- † 3268**

उत्तर देने की तारीख 12/03/2026

**उत्तर प्रदेश में ईएमआरएस**

**† 3268. श्री जय प्रकाश:**

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश में जनजातीय बच्चों के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) के निष्पादन और प्रगति का आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उत्तर प्रदेश में कार्यरत ऐसे आवासीय विद्यालयों का उनके स्थान सहित ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

**(क) से (ग):** जनजातीय कार्य मंत्रालय उत्तर प्रदेश सहित देश भर के राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों द्वारा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में की गई प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा करता है। उत्तर प्रदेश में ईएमआरएस में छात्रों का नामांकन 495 (2020-21) से 113 प्रतिशत बढ़कर 1056 (2025-26) हो गया है। उत्तर प्रदेश राज्य में स्थित ईएमआरएस का ब्यौरा उनके स्थान के साथ नीचे दिया गया हैः

| **क्र.सं.** | **जिला** | **ब्लॉक/ तालुका** | **विद्यालय का नाम** | **कार्य करने की स्थिति** | **भवन निर्माण की स्थिति** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बहराइच | मिहींपुरवा | ईएमआरएस बोझिया | कार्यात्मक | पूरा हुआ |
| 2 | खीरी | पलिया | ईएमआरएस सौनहा | कार्यात्मक | पूरा हुआ |
| 3 | ललितपुर | बार | ईएमआरएस ललितपुर | गैर-कार्यात्मक | पूरा हुआ |
| 4 | सोनभद्र | चोपन (कुं) | ईएमआरएस पीपरखंड | कार्यात्मक | पूरा हुआ |

******